वीआईटी-एपी ने किया एल्फाबेटा और टॉपजाइट के साथ समझौता

हैदराबाद (शुभ लाभ ब्यूरो)। वेल्लूर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी-आंध्र प्रदेश (वीआईटी-एपी) यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ बिजनेस (वीएसबी), वीआईटी-एपी ने एल्फाबेटा और टॉपजाइट रिसर्च लेब्सवास के बीच समझौते पर हस्ताक्षर किये गये।

वीआईटी-एपी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.एस.वी.कोटा रेड्डी ने एल्फाबेटा और टॉपजाइट के बीच समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद बताया कि एल्फाबेटा एक यूएस कम्पनी है, जो बैंक और फाइनेंशियल सर्विस संगठनों को उत्पाद और सेवा प्रदान करती है। उन्होंने फिनटेक व्यापार की अवधारणा और वित्तीय मॉडल्स में जो बदलाव आ रहे हैं, वैसे कभी देखे नहीं गये। वर्तमान में योग्य फिनटेक प्रोफेशनल की विश्व स्तर पर माँग बढ़ती जा रही है। वीआईटी-एपी विश्वविद्यालय ने इस मांग को पूरा करने के लिए बीबीए पाठ्यक्रम शुरु किया है, जिसमें फिनटेक का विशेष पाठ्यक्रम शामिल हैं। हमारा फोकस प्रमुख रुप से शैक्षणिक पाठ्यक्रम के साथ-साथ प्रशिक्षण भी शामिल है।

विद्यार्थियों को वास्तव में रियल लाइफ प्रॉजेक्ट के साथ-साथ आधुनिक तकनीकि का उपयोग अल्फाबेटा प्लेटफॉर्म से किया जा सकेगा। दो पाठ्यक्रम को पूर्ण करने के बाद फिनटेक प्रैक्टिकल 1 एवं 2 का प्रमाण पत्र दिये जायेंगे। पाठ्यक्रम पूर्ण होने के बाद विद्यार्थियों समकालिन मुद्दों, नये व्यापार विकास, फाइनेंस मॉडल और पेटेंट के लिए शोध करने का अवसर प्राप्त होगा। बीबीए फिनटेक का पाठ्यक्रम पूर्ण करने वाले विद्यार्थियों को बैंक एवं फाइनेंस सर्विस जैसे ब्लॉकचैन एक्सपर्ट, ब्लॉकचैन ऐप्स डेवलेपर्स, वित्तीय विश्लेषक, डेटा साइंटिस्ट, वित्त, व्यापार विशेषज्ञ, प्रोसेस विश्लेषक, अनुपालन प्रबंधक,

उत्पाद प्रबंधक और व्यापार विकास प्रबंधक जैसी नौकरी के अवसर प्राप्त होंगे।

योग्य फिनटेक की वर्तमान में पर्सनल फाइनेंस, इंश्योरेंस, वेल्थ मैनेजमेंट, पूँजी बाजार, लेंडिंग बिलिंग/भुगतान, रेजटेक, ब्लॉकचैन/ लेडजर और क्रिप्टोग्राफी में काफी मांग है। वीआईटी-एपी स्कूल ऑफ बिजनेस के डीन डॉ.एस.जयावेलू ने कहा कि बिजनेस स्कूल बीबीए के साथ बिजनेस विश्लेषक, डिजीटल मार्केटिंग एवं फिनटेक के विशेष पाठ्यक्रम चला रहे हैं। इन हर विशेष विषय के लिए एक पार्टनर होगा, जो वास्तविक रूप से लाइफ प्रैक्टिस करवायेगा और उद्योग से संबंध प्रमाण दिलवायेगा। इस प्रमाण से विद्यार्थियों को नौकरी के अवसर अधिक बढ़ेंगे। इसके लिए मशिगन, डियरबोर्न और एरिजोना विश्वविद्यालय के साथ अनुबंध किया है, जहाँ पर विद्यार्थियों को दो वर्ष भारत में और दो वर्ष यूएसए में पढ़ने का अवसर मिलेगा और यूएसए के पार्टनर विश्वविद्यालय से डिग्री प्राप्त होगी।

उन्होंने कहा कि बी.कॉम (फाइनेंस) के अंतर्गत विद्यार्थियों को सीए परीक्षा की कोचिंग का भी विकल्प होगा। अवसर पर एल्फाबेटा इन के सह-संस्थापक एवं सीटीओ ने फिनटेक क्षेत्र की बढ़ती मांग पर प्रकाश डाला। नयी तकनीकी जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), ब्लॉकचैन, 5जी और बिग डेटा एनालिस्टस आदि का उपयोग किया जा रहा है, जो वित्तिय प्रणाली, प्रोग्रामिंग कौशलता, विश्लेषण और समस्या को दूर करने की क्षमता को समझने के लिए आवश्यक है। एल्फाबेटा इसी के अनुरूप तैयार किया गया है, जो वाईआईटी-एपी को अच्छा नेतृत्व प्रदान करेगा। इसके लिए एल्फाबेटा और टॉपसीजेट लैब के साथ समझौता किया गया है।

यह संयुक्त प्रयास फिनटेक सेंटर में विद्यार्थियों को सही कौशलता का विकास करने सक्रिय रूप से सीखने और शोध कर कार्य करने में काफी मदद करेगा। अवसर पर एल्फाबेटा प्रबंध निदेशक एवं सीओओ ने बताया कि एशिया फेसेफिक के अनुसार, भारत में फिनटेक आर्थिक विकास का इंजन है। विश्व की 80 प्रतिशत से अधिक कम्पनियाँ आगामी 3 से 5 वर्ष में फिनटेक में भारी निवेश की संभावनाएं हैं। चेन्नई और वा-इज़ाग हब में कर्मचारी पहले से ही अपना रहे हैं। विद्यार्थियों के लिए उसी के अनुरूप प्रोत्साहित कर तैयार किया जा रहा है, ताकि विश्व की वास्तविक समस्याओं को दूर कर स्पष्ट रूप से कार्य किया जा सके। इस अवसर पर वीआईटी-एपी विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ.सी.एल.वी शिवकुमार सहित संकाय और स्टॉफ उपस्थित थे।